## संक्षिप्त

### परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बी एससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म 14 नवंबर से भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर है। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष की प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के राजस्थान विश्वविद्यालय के परीक्षा फार्म 14 नवंबर से भरे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अंतर्गत स्नातक पार्ट प्रथम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का प्राईवेट अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के भी परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर है। परीक्षा फॉर्म भरने से पहले सभी विद्यार्थियों को एबीसी आईडी बनवाना जरूरी है, लेकिन एबीसी आईडी के अभाव में भी परीक्षा फॉर्म भर सकते है। फॉर्म भरने के बाद महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी, 10 वीं, 12 वीं की अंकतालिका, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से यदि 12 वीं परीक्षा पास की है तो मूल माइग्रेशन सर्टिफिकेट और उसकी फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म जमा करवायें। यदि परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में उपस्थित होकर जमा नहीं कराई गई तो फॉर्म स्वीकार नहीं होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी।

### इन्वेस्टर मीट का आयोजन आज

**टोंक।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान को एक विकसित राज्य बनाने के संकल्प से कार्य कर करने की दिशा में जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 होगा, इसके तहत "जिला स्तरीय राइजिंग टोंक इन्वेस्टर मीट" शुक्रवार, को प्रातः 10 बजे कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि निवेश को लेकर उद्यमियों में उत्साह है। जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए 82 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 25 हजार 525 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा और 7 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार यह मीट युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने और जिले में निवेश बढ़ाने के लिए उपयोगी साबित होगी।

# स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं की जांच कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**कोटपूतली।** सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने गुरूवार को क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने गोपालपुरा रोड़ स्थित जनता क्लिनिक एवं रामसिंहपुरा उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, दवा स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर आवष्यक दिशा निर्देश दिये।

- **सीएमएचओ व बीसीएमओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण**



सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

सीएमएचओ ने टीकाकरण को लेकर आमजन को जागरूक करने एवं बच्चों व गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण करने एवं आगामी टीके की जानकारी देने तथा वैक्सीन के रख रखाव आदि सम्बंधी दिशा निर्देश देते हुये कहा कि टीकाकरण बच्चे के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाता है और उन्हें विभिन्न जीवाणु तथा विषाणुओं से लडने की शक्ति प्रदान करता है। सीएमएचओ ने सभी स्टॉफ को स्वास्थ्य केन्द्र पर ड्रेस व आईडी कार्ड के समय पर उपस्थित होने एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, मौसमी बीमारियों को लेकर प्रतिदिन सर्वे करते रहने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिये। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली, मोहनपुरा, कांसली व सुन्दरपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बीसीएमओ ने सांस अभियान की जानकारी देते हुये बताया कि सांस अभियान का आयोजन 12 नवम्बर से किया जा रहा है जो आगामी 28 फरवरी तक निरन्तर जारी रहेगा। अभियान के अन्तर्गत 0-5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया एवं उससे होने वाली जटिलता, बच्चों में होने वाली मृत्यु का एक मुख्य कारण है, बच्चों में निमोनिया से च्तवजमबजपवद, च्तमअमदजपवद ंदक ज्तमंजउमदज रणनीति पर कार्य करते हुये सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बीसीएमओ ने बताया कि इस अभियान के द्वारा 0-5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान की जायेगी (खांसीध्बलगम, तेज सांस की गतिध्तीव्र श्वसन दर, पसलियां चलना व सांस लेने में परेशानी आदि लक्षणों के आधार पर पहचान की जायेगी। आशा सम्भावित निमोनिया के बच्चों की लक्षणों के आधार पर पहचान कर सिरप एमोक्सिसिलीन की प्री-रेफरल खुराक (मात्र एक खुराक देकर) का उपयोग कर तुरन्त चिकित्सा संस्थान पर रेफर किया जावेगा, रेफरल के पश्चात् फॉलोअप किया जावेगा।

इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी चिकित्सा संस्थाओं, एचडबल्यूसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाडी पर बच्चों में निमोनिया के उपचार संबंधित प्रोटोकॉल, आईईसी सामग्री का विमोचन एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मी का आमुखीकरण किया जा रहा है। बच्चों का जेएसएसके एवं चिरंजीवी योजना के अंतर्गत निःशुल्क ईलाज, जांच एवं परिवहन (एक वर्ष तक के बच्चों के लिए) उपलब्ध करवाया जावेगा। निमोनिया से ग्रसित बच्चों हेतु बेड आरक्षित एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया जावेगा।

## विकसित भारत यंग लीडर्स पर हुई कार्यशाला

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में माई भारत पोर्टल तथा यूथ फेस्टीवल 2025 के अन्तर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर. के सिंह की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

कार्यशाला का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से बताया तथा उपस्थित विद्यार्थियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव ने विद्यार्थियों को यूथ फेस्टीवल 2025 के अन्तर्गत ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी तथा निंबध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। तृतीय सत्र में एनसीसी प्रभारी डॉ. बाबूलाल मीणा ने कहा कि किसी भी सफलता के लिये अनुशासन में रहना आवश्यक है। माई भारत पोर्टल पर सभी को पंजीकृत होने के लाभ बताये। प्रो. सज्जन सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## सार-समाचार

### मधुमक्खी पालन से अतिरिक्त आय

**टोंक।** जिले में सरसों फसल का उच्च उत्पादन होता है, कृषक सरसों की खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन करते है तो फसल में कई प्रकार के फायदे होते हैं। मधुमक्खी पालन से शहद के साथ फसल में 10-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना रहती है। साथ ही, मधुमक्खीयां जब फूलों पर परागण करती है तो इससे फसल की गुणवत्ता व उत्पादन में वृद्धि होती है। उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्रप्रकाश बड़ाया ने बताया कि मधुमक्खी पालन से अतिरिक्त आय के रूप में शहद व मौम का उत्पादन होता है। सरसों की खेत की मेड़ों पर मधुमक्खी का बॉक्स रखकर इस कार्य को किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहद केवल मिठास नहीं बल्कि प्रकृति का अनमोल उपहार भी है। शहद का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। शहद में एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम, मिनरल्स, जिंक, पोटेशियम, मैग्नीशियम और सेलेनियम जैसे तत्व पाए जाते हैं।

### विवाह में सहयोग किया

**मनोहरपुर।** सीकर के कन्यादान ठ्ग्रुप द्वारा एक ब्राह्मण परिवार की कन्या के विवाह में सहयोग किया गया । मुख्य सहयोग विद्याश्रम स्कूल सीकर गौरव हॉस्पिटल सीकर हुकूम रेस्टुरेंट सीकर द्वारा किया गया संस्था की मुख्य मंजू लाटा डायरेक्टर विद्याश्रम स्कूल ने बताया कि आजकल सामूहिक विवाह काफी अच्छे रूप में हो रहे है तो सभी जरूरतमंद परिवारों को उस और भेजने का प्रयास करे। कन्या के पिताजी और भाई नहीं है इनका हेल्प के लिए प्रयास किया तो सभी ने मिलकर नगद राशि 21 बेस मिक्सी दी गई जिस में सभी ने सहयोग किया । मानव जीवन का उद्देश्य है कि अपने मन, वचन और काया से औरों की मदद करना। हमेशा यह देखा गया है कि जो लोग दूसरों की मदद करते हैं, उन्हें कम तनाव रहता है, मानसिक शांति और आनंद का अनुभव होता है। वे अपनी आत्मा से ज़्यादा जुड़े हुए महसूस करते हैं, और उनका जीवन संतोषपूर्ण होता है। जबकि स्पर्धा से खुद को और दूसरों को तनाव रहता है इस हेल्प में संतोष जांगिड़ कमलेश कुमावत उपस्थित रहे । परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया

### विचार संगोष्ठी

**वजीरपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में आज क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने सहभागिता की। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सपना मीणा ने फुले के जीवन संघर्ष के बारे में पत्र वाचन किया। नोडल अधिकारी प्रो.रमेश ने कहा कि महात्मा फुले किसान, मजदूर,महिला,दलित,पिछड़े वर्ग समस्त आमजन की मुक्ति के अठादूत थे। फुले धार्मिक कट्टरता,जातिगत ऊंचनीच,रूढ़िवाद के कट्टर विरोधी थे। फुले ने अपने मुस्लिम मित्र उस्मान शेख एवं उनकी बहन फातिमा शेख के सहयोग से देश में सबसे पहले महिला शिक्षा की अलख जगाई। फुले सांप्रदायिक सद्भाव, सहभोज, विधवा पुनर्विवाह एवं जीवन में वैज्ञानिक नजरिए अपनाने के प्रबल पक्षधर थे। महात्मा फुले की प्रमुख रचना गुलामगिरी का विद्यार्थियों एवं सामाजिक बदलाव के लिए प्रयासरत समाजकर्मियों को अध्ययन कर प्रेरणा लेनी चाहिए।

### स्वास्थ्य की जानकारी ली

**मनोहरपुर।** महासचिव सचिन पायलट ने कांग्रेस नेता प्रभु चौधरी को ब्रेन स्ट्रोक आने की वजह से स्वास्थ्य की जानकारी लेने निजी आवास घर पहुँच कर संभल प्रधान किया और आस्वस्त किया की आगे कहीं भी इलाज की आवश्यकता हो तो म आपके साथ खड़ा हूँ।

## मां योजना में कैशलेस की सुविधा

**दौसा।** भारत सरकार की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष या अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को जोडने की अनुमति के बाद प्रदेश सरकार ने भी मां योजना में एक नई श्रेणी शामिल कर कैशलेस उपचार की स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का इलाज संबंधित चिकित्सालयों में निशुल्क मिलेगा। इसके लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेन्स एजेंसी ने भी गाइड लाइन जारी कर दी है। वरिष्ठ नागरिक इसके लिए पंजीयन पीएमजेएवाई एप पर कर सकते है। ऑनलाइन की ईकेवाइसी आसानी से एप के माध्यम से हो जाएगी। योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) या मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत उपचार के लिए आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा अधिकृत अस्पतालों में ही यह सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना का खर्च राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। यह आदेश 29 अक्टूबर से प्रभावी है और केवल वन टाइम क्लेम के आधार पर लागू होगा।

# महात्मा ज्योतिबा राव फूले ने जीवनभर वंचितों, शोषितों के लिए संघर्ष किया

**पावटा।** माली (सैनी) महासभा पंचायत संस्था रजि. जयपुर, तहसील पावटा के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन कर महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 234वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

- **महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 234 वीं पुण्यतिथि पर किया याद, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पुष्पाजंलि अर्पित की**



महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 234वीं पुण्यतिथि मनाई।

इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों व सैनी समाज के लोगों द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फूले के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर प्रहलाद सहाय सैनी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पुष्पाजंलि अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर प्रहलाद सहाय सैनी ने कहा महात्मा ज्योतिबा राव फूले ने जीवनभर वंचितो, शोषितों, दलितों, पिछडों व अति पिछडी जातियों के हकों के लिए संघर्ष किया। उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। फूले दंपत्ति ने लोगों में शिक्षा की अलख जगाने का काम किया। वही संस्था जिलामंत्री मोहन लाल सैनी ने युवाओं से महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलने का आ ान किया।

इस मौके मौके पर प्रहलाद सहाय सैनी (भगत जी), संस्था जिलामंत्री मोहन लाल सैनी, संस्था संरक्षक एवं विधि सलाहकार सीए कृष्ण सैनी, सीए अशोक सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सैनी, पावटा तहसील उपाध्यक्ष गणेश सैनी, सोनाराम सैनी, रिंकू सैनी, धर्मपाल सैनी, सीताराम सिंगल, लोकेश सैनी, सुरेश सैनी, मोनू सैनी, बंसी सैनी एवं मूलचंद सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक ने लिखा चिकित्सा मंत्री को पत्र

**शाहपुरा।** राजस्थान स्टेट मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी नीट पीजी 2024 मेरिट सूची में बरती गई अनियमितता को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को पत्र लिखकर जांच करवाकर नियमानुसार मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसलिंग का अवसर देने की मांग की है। राष्ट्रीय स्तर की नीट पीजी परीक्षा-2024 दिनांक 11 अगस्त 2024 को देश में दो अलग अलग पारियों में आयोजित हुई थी। जिसका नॉर्मलाइजेशन करने के बाद परिणाम 23 अगस्त 2024 को जारी किया गया। परिणाम के पश्चात राजस्थान की सीटों के लिए राजस्थान राज्य मेडिकल काउंसिल ने अपनी काउसलिंग के लिए सूची जारी कि जिसमे उन्होंने मैरिट लिस्ट 22 नवंबर 2024 को बनाई जिसमे सैकडों अभ्यर्थीयों की रैंक ऑल इंडिया में मैरिट सूची में बहुत ऊपर है, लेकिन उनके राजस्थान स्टेट में बराबर-बराबर बोनस मार्क्स होने के बावजूद मैरिट रैंक काफ़ी नीचे कर दी गई, जिससे सैंकडो अभियर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है।

## मादक पदार्थ बिक्री के खिलाफ कार्रवाई

**मानपुरा माचेडी।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थो की बिक्री करने के आरोप में आरोपियों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त किए हैं। यह जानकारी जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने दी।


न्यायालय-प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर (म.प्र.)

प्रकरण क्र.- 669/23 मु.फौ.

श्रीमती हेमलता शर्मा ....आवेदिका

बनाम

हितेन मिश्रा ....अनावेदक

बनाम- अनावेदक हितेन मिश्रा पुत्र श्री अर्जुन मिश्रा आयु 45 वर्ष, निवासी- 1323, गणेश चौक, हरिशचन्द्र मार्ग, चाँदपोल बाजार, जयपुर (राजस्थान)

सूचना पत्र

यह कि आवेदिका श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नि श्री हितेन मिश्रा पुत्री श्री नरेश कुमार शर्मा आयु 43 वर्ष, निवासी चित्रा टॉकीज के पीछे, आप्टे की पायगा, नई सडक, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष याचिका अंतर्गत धारा 125 द.प्र.सं. के तहत प्रस्तुत की गई है।

अतः जरिये सूचना पत्र से आप अनावेदक हितेन मिश्रा को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में अपना जवाब इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि नियत दिनांक का न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर — प्रधान के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (म.प्र.)



न्यायालय तहसीलदार (भू.अ) दूद्द जिला दूद्द

क्रमांक :- LR/24/3718 -3719-3720 दिनांक :-28.11.24

आम सूचना

जरिए प्रार्थना पत्र श्री अभय सिंह पुत्र दलपत सिंह जाति राजपूत निवासी हरसोली द्वारा ग्राम हरसोली के खाता संख्या 727 किता 32 रकबा 15.86 है भूमि जो श्री राम सुजान सिंह पुत्र सूर्यबली सिंह जाति राजपूत निवासी मझियार तहसील सिरमौर जिला रीवा मध्य प्रदेश खातेदार (मृतक) द्वारा दिनांक 9.11.1994 को अपने पक्ष में की गई अन रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर अभय सिंह पुत्र दलपत सिंह जाति राजपूत निवासी हरसोली के पक्ष में नामांतरण खोलने हेतु न्यायालय हाजा में प्रकरण RLR एक्ट1956 की धारा 135 (2) अंतर्गत प्रक्रियाधीन है वसीयत करता राम सुजान सिंह की दिनांक 12.9.1999 को मृत्यु हो चुकी है अत हर आम खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 9.11.1994 को की गई वसीयत पर किसी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षर करता को प्रस्तुत करें कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने परप्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जाएगा सूचित रहे।

तहसीलदार (भू अ) — तहसील दूद्द जिला दूद्द


# घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। घर में घुसकर जानलेवा हमले करने की मामले में मोजमाबाद थाना पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों के बाद दो जनों को और गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों ने 12 नवंबर की रात को एक परिवार पर सोते समय रात्रि करीब 11:00 बजे के आसपास घर में घुसकर जानलेवा हमला किया था। वारदात से पीडित नेमीचन्द पुत्र मगनलाल कुमावत निवासी गोपालपुरा उगरियावास थाना मौजमाबाद द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

रिपोर्ट ने बताया था कि रात को मैं व मेरा परिवार सो रहे थे तभी रात में करीब 11.00 बजे के समय अचानक से मेरे घर के अन्दर पूरण, लक्ष्मण बीलादेवी, अर्जना, लक्ष्मी नारायण, कैलाश, विकास, राजूदेवी, केशव, राहूल, अंकित, मंजू देवी निवासी गोपालपुरा उगरियावास व कैलाशजी के जंवाई व उनके साथ 8 से 10 लोग ओर आये और हमारे साथ मारपीट कर



पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोप में दो को गिरफ्तार किया।

- **पूर्व में चार आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार**

जानलेवा हमला किया। इस रिपार्ट के आधार पुलिस की ओर से गहनता से जांच की गई। थानाधिकारी दूदू संजय प्रसाद ने बताया कि 14 नवंबर को 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया जा चुका है। आज दो और को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पूरणमल पुत्र मगनाराम जाति कुमावत उम्र 60 साल निवासी बडीवालों की ढाणी गोपालपुरा थाना मौजमाबाद जिला दूदू व नरेन्द्र कुमावत पुत्र गोपाल लाल जाति कुमावत उम्र 25 साल निवासी नाडावाली ढाणी आईदान का बास पुलिस थाना रेनवाल जिला जयपुर ठाामीण के निवासी हैं।

# भिवाड़ी की वायु गुणवत्ता में सुधार आने पर सराहना

**भिवाड़ी।** एनसीआर क्षेत्र भिवाडी में ठोप 4 की पालना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए जहां अभियान को तेज किया गया है वही खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने एनसीआर क्षेत्र भिवाडी में वायु गुणवत्ता में सुधार का दावा करते हुए जिला प्रशासन का इस दिशा में बडा कदम बताते हुए किए गए प्रयासों को सराहा है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया वायु प्रदूषण से जूझते एनसीआर क्षेत्र के शहर भिवाडी में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए अभियान को तेज कर दिया है। ठोप (ठोडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) के तहत जिला प्रशासन की ओर से कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिनके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। शहर की हवा पहले से स्वच्छ हो रही है और वायु गुणवत्ता सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

- **नियमित सफाई, छिडकाव औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण आदि प्रयासों से आया बदलाव, प्रयासों को और अधिक तेज करने के लिए दिए निर्देश**

ठोप 4 की पालना में नगर परिषद, रीको, बीडा सहित सभी विभाग सडकों से धूल हटाने, ओपन बर्निंग रोकने, और पानी का छिडकाव करने जैसी कई गतिविधियां नियमित रूप से की जा रही हैं। औद्योगिक प्रदूषण पर सख्ती और जनजागरूकता अभियानों को प्राथमिकता दी जा रही है। सडक पर मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सफाई और धूल नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है।

रीको द्वारा औद्योगिक इकाइयों के पास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं और नियमित पानी का छिडकाव किया जा रहा है ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। केईआई और 220 पावर हाउस जैसे व्यस्त इलाकों में वाटर स्प्रिंकलर के जरिए लगातार पानी का छिडकाव किया गया। खुले में कचरा जलाने पर सघन मॉनिटरिंग और चालान जारी किए गए। साथ ही, नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को रोजाना इन गतिविधियों की रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिससे सुधार के प्रभाव को ट्रैक किया जा सके। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सभी विभागों की मेहनत को सराहना करते प्रयासों को और बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई, पानी का छिडकाव और ओपन बर्निंग पर नियंत्रण जैसे कदमों के कारण शहर की हवा में सुधार हो रहा है। गुरुवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 180 से 250 तक रहा।


UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR

NOTICE INVITING E-BIDS

Bids for Purchase of CCTV: of Procurement are invited from interested bidders upto 03:00 pm December 05th, 2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://www.uniraj.ac.in/ Departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 5.70 Lakhs.

UBN: URA2425GSOB00183, NIB: URA2425A0064 — Director, UGC-MMTTC, UOR, Jaipur

UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR

NOTICE INVITING E-BIDS

Bids for Purchase of Desert Cooler: from micro and small enterprises of Rajasthan, registered under MSMED act, 2006 of subject matter(s) of Procurement are invited from interested bidders upto 03:00 pm December 05th, 2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://www.uniraj.ac.in/ Departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 3.50 Lakhs.

UBN: URA2425GSOB00184, NIB: URA2425A0065 — Director, UGC-MMTTC, UOR, Jaipur

UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR

NOTICE INVITING E-BIDS

Bids for Purchase of Air Conditioners: of Procurement are invited from interested bidders upto 03:00 pm December 05th, 2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://www.uniraj.ac.in/ Departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 7.50 Lakhs.

UBN: URA2425GSOB00182, NIB: URA2425A0063 — Director, UGC-MMTTC, UOR, Jaipur


## प्रदर्शन 29 को

**मनोहरपर।** आल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइस फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री मोहम्मद यूसुफ कुरैशी ने सभी कर्मचारी साथियों से निवेदन किया है कि कल दिनांक 29 11.2024 को संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर राजस्थान की बिजली कंपनियों के निजीकरण के मामले में एक विशाल प्रदर्शन राम मंदिर पावर हाउस स्टेशन रोड जयपुर पर होने जा रहा है पर जो जी जिस जिले के विद्युत कर्मचारी हैं वह अपने जिले में ही प्रोग्राम देंगे।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# विधायक बालकनाथ ने किया विद्यालय में ई लाईब्रेरी का शिलान्यास

**तिजारा।** गांव ईशरोदा में विधायक महंत योगी बालकनाथ ने विद्यालय में ई लाईब्रेरी का शिलान्यास एवं 85 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

विधायक महंत योगी बालक नाथ ने दीप प्रज्वलित करके सुविधाओं का उद्घाटन कर विघालय का मुआयना किया और कहा ज्ञान और विज्ञान के समायोजन से ही व्यक्तिगत और सामाजिक तरक्की संभव है।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार के आने के बाद से क्षेत्र में निरंतर इस प्रकार के विकास कार्य शुरू हो गए हैं जो बड़े स्तर पर सामाजिक विकास की दिशा तय कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की भाजपा सरकार शिक्षा पर पूरा पूरा ध्यान दे रही है और इसे आने वाले समय में राजस्थान के सर्वांगीण विकास का आधार मानती है। इस अवसर पर पुर्व विधायक मामनसिंह यादव, प्रिंसिपल धर्मवीर वर्मा, प्रधान जयप्रकाश यादव, अजयपाल यादव, सरपंच रतीराम यादव, देशपाल यादव मौजूद रहे।

- **तिजारा के गांव ईशरोदा में विधायक ने विद्यालय में ई लाइब्रेरी व 85 लाख के कार्यों का शिलान्यास किया**
- **ज्ञान और विज्ञान के समायोजन से ही व्यक्तिगत और सामाजिक तरक्की संभव : बालक नाथ**



विद्यालय में विकास कार्यों का उद्घाटन महंत योगी बालक नाथ ने किया।


कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन) नगर निगम, हैरिटेज जयपुर

(सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट जयपुर)

क्रमांक :- एफ-29( )/अधि.अभि.कि.जो./ननिज/2024/ दिनांक :-

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या - 104 से 107/2024-25 किशनपोल जोन

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो हेतु अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2425WSOB00983 से JMC2425WSOB00986 है।

राज.संवाद/सी/24/8444

अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन), नगर निगम हैरिटेज जयपुर